## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# काले धन पर करारी चोट की जरूरत

सीधे और सरल शब्दों में कहें तो काला धन वह आय है जिस पर टैक्स की देनदारी बनती है, लेकिन इसकी जानकारी इनकम टैक्स विभाग को नहीं दी जाती। आठवें दशक में बहुचर्चित बोफ़ोर्स घोटाले के बाद काले धन के मुद्दे को ज़ोर–शोर से उठाया जाने लगा। इसके बाद हर चुनाव में राजनेता काले धन के बारे में बात करते रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक काला धन वह धन होता है जो अवैध और अनुचित तरीकों से कमाया जाता है। इसमें भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, गैरकानूनी व्यापार, व्यापारिक अपराध और अनैतिक लेनदेन शामिल होते हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और बाबा रामदेव ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान काले धन की समस्या को देशवासियों के समक्ष एक ज्वलंत मुद्दे के रूप में उठाया। देश से कांग्रेस विदा हो गयी मगर काले धन से देश को छुटकारा नहीं मिला। नोटबंदी के जरिये कालेधन को निकालने का प्रयास भी सफल नहीं हुआ। स्विस बैंकों से कुछ सफलता जरूर मिली। इस दौरान कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों ने सरकारी एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप भाजपा सरकार पर जड़ा। मगर मोदी ने साफ़ कर दिया की देश को लूटने वालों को छोड़ा नहीं जायेगा। भ्रष्टाचारी जेल जायेंगे।

कांग्रेस के एक राज्य सभा सदस्य के घर से मिली कालेधन की बड़ी खेप ने समूचे देश को हतप्रभ कर दिया है। यह तो एक बानगी है मगर पत्ता नहीं कितने लोगों ने देश को लूटकर अपनी तिजोरियां भरी है। इनका पर्दाफाश होना जरुरी है। कांग्रेसी सांसद और कारोबारी धीरज साहू के ठिकानों से मिली 354 करोड़ रूपये से अधिक की राशि ने सरकारी एजेंसियों पर आरोप लगाने वाले नेताओं के मुंह पर करारा तमाचा जड़ा है। आधिकारियों कहना है कि यह किसी भी जांच एजेंसी द्वारा एक ही ऑपरेशन में जब्त किया गया अब तक का सबसे बड़ा काला धन है।

इससे पहले इतना बड़ा काला धन एक साथ कभी बरामद नहीं किया गया है। फिलहाल आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। इसी के साथ धीरज साहू का एक ट्वीट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। धीरज साहू ने ट्वीट कर कहा था, नोटबंदी के बाद भी देश में इतना कालाधन और भ्रष्टाचार देखकर मन व्यथित हो जाता है। मेरी तो समझ में नहीं आता कि कहां से लोग इतना काला धन जमा कर लेते है? अगर इस देश में भ्रष्टाचार कोई जड़ से खत्म कर सकता है, तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही है। लोग इस ट्वीट पर यह प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे है कि, 'चोर मचा रहे शोर'। आज़ादी के बाद इस सबसे बड़ी कालेधन की बरामदगी पर देश की सियासत गरमा गई है। देशभर में चौक–चौराहों और गली–नुक्कड़ों पर लोग चटकारे लेकर इसकी चर्चा कर रहे है। लोगों ने मोदी–मोदी के नारे लगाकर कालेधन की बरामदगी पर हर्ष व्यक्त किया है। लोग यह भी चर्चा कर रहे है की यह देर से उठाया गया मगर सही कदम है। मोदी सरकार को इस दिशा में और तेजी से काम करने की जरूरत है ताकि देश को लूटने वालों का पर्दाफाश हो। 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाने वाले अपने गिरहबान में झांके कि चोर कौन है ! कांग्रेस नेताओं को जैसे सांप सूंघ गया है।

> **सरकार ने काले धन को रोकने के लिए धनशोधन कानून 2002 में बदलाव किया है। लोकपाल-लोकायुक्त की नियुक्ति, भ्रष्टाचार रोधी कानून, बेनामी लेनदेन रोकथाम अधिनियम और रियल एस्टेट एक्ट के जरिए देश में काले धन पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत सरकार काला धन रोकने के लिए डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दे रही है।**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार काले धन यानि ब्लैक मनी के सही आंकड़े पता लगाने का कोई पुख्ता तरीका नहीं है। हालांकि, समय–समय पर अलग–अलग संस्थान इसके बारे में एस्टिमेट जारी करते रहते हैं। बैंक ऑफ इटली के अनुसार, दूसरे देशों में छुपे ब्लैक मनी में से 10 लाख करोड़ रुपये भारत का है। इसके अलावा सीबीआई के पूर्व निदेशक ने कहा था कि भारत में ब्लैक मनी करीब 500 अरब डॉलर है। अर्थशास्त्री अरुण कुमार की पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ब्लैक इकॉनमी एंड ब्लैक मनी इन इंडिया के अनुसार, भारत की ब्लैक इकॉनमी का कुल मूल्य देश की GDP के 62 प्रतिशत के बराबर है। ब्लैक मनी से निपटने के लिए भारत में कानून भी बनाए गए हैं। एंटी मनी लाउंडरिंग कानून को मजबूत बनाया गया है और ज्यादा संस्थानों को उसके दायरे में लाया गया है। भारत सरकार ने अवैध धन के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए कई दूसरे देशों के साथ समझौता भी किया है। सरकार ने काले धन को रोकने के लिए धनशोधन कानून 2002 में बदलाव किया है। लोकपाल–लोकायुक्त की नियुक्ति, भ्रष्टाचार रोधी कानून, बेनामी लेनदेन रोकथाम अधिनियम और रियल एस्टेट एक्ट के जरिए देश में काले धन पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। भारत सरकार काला धन रोकने के लिए डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दे रही है। हमें काले धन के अर्थ को समझना होगा। काला धन, अर्जित किया गया वह धन है, जिस पर सरकार को किसी भी प्रकार का आयकर नहीं दिया जाता है। दूसरे शब्दों में, कालाधन वह धन है जो माल या सेवाओं को प्रदान करने के बदले में भुगतान किया जाता है।

समस्या यह है कि काले धन के लिए प्रदान की गई वस्तुऐं या सेवाएं खास तौर पर मान्य नहीं हैं और इसलिए इसका खुलासा नहीं किया जा सकता है। काले धन का प्रयोग सामान्यत बिना हिसाब–किताब वाले या छुपाई हुई आय अथवा अप्रकट धन या उस धन के लिए किया जाता है, जो पूर्णतया अथवा अंशतया प्रतिबंधित सौदों में लगा हुआ है। काला धन काली आय अथवा काली संपदा के रूप में भी हो सकता है । काली आय से तात्पर्य उन समस्त अवैध प्राप्तियों और लाभों से है जो करों की चोरी, गुप्त कोषों तथा अवैध कार्यो के करने से एक वर्ष में प्राप्त हुए हों। इसी प्रकार काली संपदा से तात्पर्य वह काली आय, जो वर्तमान में खर्च की जाती है और बचा ली जाती है या विनियोजित कर दी जाती है अर्थात् अपनी काली आय को व्यक्ति सोना–चाँदी, हीरे–जवाहरातों, बहुमूल्य पत्थरों, भूमि, मकान, व्यापारिक परिसंपत्तियों आदि के रूप में रखता है। इस काले धन को आयकर–अधिकारियों या सरकार की करारोपण दृष्टि से बचाकर रखने में उपर्युक्त प्रक्रिया प्रयोग में लाई जाती है ।

इस प्रकार, हम देखते हैं कि काले धन शब्द से आशय केवल उस धन से नहीं होता, जो कानूनी धाराओं, यहाँ तक कि सामाजिक ईमानदारी का उल्लंघन करके कमाया गया हो अपितु काले धन में वह धन भी सम्मिलित किया जाता है, जो छुपाकर रखा गया हो और जिसका कोई हिसाब–किताब न हो। काला धन मुख्यत: दो प्रकार की शक्तियाँ उत्पन्न करता है। प्रथमत: अवैध साधनों को प्रयोग करके काले धन की प्राप्ति, यथा–तस्करी, फ्लैटों और दुकानों के आवंटन में ली जाने वाली पगड़ी की राशि, माल के कोटों तथा लाइसेंसों को गैर–कानूनी रूप में बेचना, गुप्त कमीशन या घूसखोरी, विदेशी विनिमय की चोरी से प्राप्त धन तथा सरकारी नियंत्रण में बिक्री की कुछ वस्तुओं को काले बाजार में बेचने से अर्जित धन, आदि ।

इसी प्रकार दूसरे, प्रकार का काला धन वह होता है, जिसके अर्जन का स्त्रोत उपर्युक्त के विपरीत अर्थात् न्यायपूर्ण तथा वैध साधन होते हैं, परंतु अर्जन करने वालों के व्यक्तिगत व्यवहारों के कारण यह काले धन का रूप ले लेता है या अपनी आय को कर–अधिकारी से छुपाकर तथा उस पर कर अदा न करके अर्थात् 'कर–वंचन' के फलस्वरूप भी काले धन की उत्पत्ति होती है। जैसे–यदि किसी व्यक्ति की वार्षिक आय आयकर के अंतर्गत है तो वह आयकर की राशि को बचाने के लिए अपनी वास्तविक आय से कर आय को दरशाता है ।


इस प्रकार वह अंतर (वास्तविक आय घोषित आय) 'काला धन' कहलाएगा । वास्तव में कर–वंचन तथा काला धन, दोनों परस्पर अत्यंत घनिष्ठ रूप में संबंधित हैं। कर–वंचन, जहाँ काले धन को जन्म देता है, वहाँ काले धन को जब अधिक आय कमाने के लिए गुप्त रूप से व्यवसाय में लगाया जाता है, तो उससे पुनर: कर–वंचन को प्रोत्साहन मिलता है ।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# जोधपुर पोलो-2023: महाराजा सरदार सिंह कप प्रदर्शन मैच में सरदार क्लब पैंथर्स विजयी

## मैच समाप्ति पर गजसिंह ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफी प्रदान की

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में चल रहे 24वें जोधपुर पोलो सीजन 2023 में बुधवार को महाराजा सरदार सिंह कप का प्रदर्शन मैच सरदार क्लब टाइगर्स व सरदार क्लब पैन्थर्स टीमों के बीच दोपहर तीन बजे खेला गया। इस मैच में डेढ गोल की शुरुआती बढत के साथ खेलते हुए पैन्थर्स टीम ने टाइगर्स टीम को छह के मुकाबले साढे आठ गोल कर ढाई गोल के अन्तर से हरा दिया। चन्द्रशेखर सिंह ने गेंद फेंककर खेल शुरु करवाया। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के मुख्य संरक्षक पूर्व शासक गजसिंह मैदान में उपस्थित थे। मैच समाप्ति पर गजसिंह ने विजेता टीम के खिलाडियों को कप व ट्रॉफी प्रदान की।



**24 वें जोधपुर पोलो सीजन-2023 में महाराजा सरदार सिंह कप का प्रदर्शन मैच सरदार क्लब टाइगर्स व सरदार क्लब पैन्थर्स टीमों के बीच खेला गया।**

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि टाइगर्स टीम की और से खेलते हुए चार हैण्डीकेप के खिलाड़ी सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने दूसरे, तीसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया।

चार हैण्डीकेप के ही दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी लांस वाटसन ने चौथे चक्कर में एक व हिम्मतसिंह बेदला ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया। मुकाबले में पैन्थर्स टीम की और से खेलते हुए टीम के तीन हैण्डीकेप के विदेशी खिलाड़ी गोंजालो यजोन ने दूसरे व चौथे चक्कर में दो-दो गोल किए। साथी खिलाडी लोकेन्द्रसिंह ने दूसरे व चौथे चक्कर में एक-एक गोल व हेमेन्द्रसिंह ने तीसरे चक्कर में एक गोल किया। पहले चक्कर में दोनों ही टीमों की और से कोई गोल नहीं हुआ। मैच की कॉमेन्ट्री ऑस्ट्रेलिया के डेविड विंडसर व अंकुर मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। मैच के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व हूर अली तथा रैफरी ध्रुवपाल गोदारा थे। मैच के दौरान पृथ्वीराजसिंह, राजेन्द्रसिंह, मेजर जनरल नरपतसिंह राजपुरोहित वीएसएम, कर्नल गिरेन्द्रसिंह, प्रबुद्धसिंह झालामण्ड, महाराजा मदनसिंह व कर्नल भंवरसिंह सहित अनेक देशी-विदेशी पोलो प्रेमी मैदान में उपस्थित थे।

सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि गुरुवार से एच.एच. महाराजा ऑफ जोधपुर कप (8 गोल) टूर्नामिंट शुरु होगा। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें भाग ले रही हैं। पूल 'ए' में पोलो हेरिटेज, 61 कैवलरी-रॉयल इनफील्ड व वी पोलो तथा पूल 'बी' में जोधपुर-जयपुर व इण्डियन नेवी भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि पहले दिन 2 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच दोपहर 2.30 बजे पूल 'ए' में पोलो हेरिटेज व 61 कैवेलरी रॉयल इनफील्ड टीमों के बीच व दूसरा मैच पूल 'बी' में जोधपुर-जयपुर व इण्डियन नेवी के बीच दोपहर 3.30 बजे खेला जायेगा।

# निर्मल गहलोत चेरिटेबल फाउंडेशन के नवीनीकृत पुलिस बैरक का उद्घाटन

**जोधपुर,** (कासं)। रातानाडा स्थित पुलिस लाइन में सिपाहियों के आवास व विश्राम स्थल के रूप में निर्मल गहलोत चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में नवीनीकृत किए गए पुलिस बैरक संख्या तीन का बुधवार को उद्घाटन स्वामी रामप्रसाद महाराज के पावन सानिध्य में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एवं राजस्थान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध समाजसेवी सत्यनारायण धूत ने सिपाहियों के हित में किए गए गहलोत परिवार के इस सामाजिक सरोकार की प्रशंसा की।

- **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति एवं राजस्थान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास रहे**
- **कार्यक्रम के आये अतिथियों ने सिपाहियों के हित में किए गए गहलोत परिवार के इस सामाजिक सरोकार की प्रशंसा की**

वहीं कार्यक्रम में प्रेरणा स्त्रोत के रूप में उपस्थित पुलिस कमिश्नर रविदत्त गौड़, पुलिस उपायुक्त (जोधपुर पूर्व) डॉ. अमृता दुहन, (जोधपुर पश्चिम) गौरव यादव, (मुख्यालय) रमेश मौर्य, (यातायात) राजेश कुमार कांवट सहित इंस्पेक्टर सत्यनारायण बिश्नोई, राजेन्द्र राजपुरोहित एवं सुरेश सोनी ने इस सरोकार के लिए विभाग की ओर से अपना आभार प्रकट किया। इनके अतिरिक्त सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी, जोधपुर पूर्व की महापौर कुंती देवड़ा, पूर्व महापौर घनश्याम ओझा, शिव के विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, अमराराम कुमावत, सुरेश गांधी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ओमप्रकाश गहलोत सहित समस्त गहलोत परिवार ने इस अवसर पर उपस्थित सभी आगंतुकों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जाने-माने कवि राम अकेला ने किया। डॉ. निर्मल गहलोत एवं तरुण गहलोत ने सभी अतिथियों का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। वहीं बैरक के नवीनीकरण का कार्य भार संभालने के लिए बिल्डर अशोक पंवार का न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास द्वारा साफा व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

**अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने की सरोकार की सराहना :-**गहलोत परिवार द्वारा सिपाहियों के लिए किए गए इस सामाजिक सरोकार की सराहना पुलिस अधिकारियों सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने की। इस कड़ी में स्वामी रामप्रसाद महाराज द्वारा परहित में किए जाने वाले अच्छे कार्यो को ही ईश्वर की सच्ची भक्ति बताते हुए गहलोत परिवार को बैरक के नवीनीकरण के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया।



**रातानाडा स्थित पुलिस लाइन में निर्मल गहलोत चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में नवीनीकृत किए गए पुलिस बैरक संख्या तीन का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गोपाल कृष्ण व्यास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि निर्मल गहलोत की समाज के प्रति नि:स्वार्थ भाव से कुछ कर दिखाने की ललक व लगन पर ईश्वर का आशीर्वाद है जो उनके द्वारा किए गए सामाजिक सरोकारों में बखूबी नजर आता है। वहीं पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड एवं आईपीएस अमृता दुहन ने निर्मल गहलोत चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा किए गए इस कार्य का शुरुआत से लेकर अंत तक का ब्यौरा देते हुए गहलोत परिवार का सम्पूर्ण पुलिस विभाग की तरफ से आभार प्रकट किया।

उद्घाटन कार्यक्रम में इस नवीनीकृत बैरक को जोधपुर के पुलिस विभाग एवं सिपाहियों की कर्तव्यनिष्ठा को समर्पित करते हुए डॉ. निर्मल गहलोत ने पिता को अपनी प्रेरणा बताया और कहा कि गत 29 जुलाई को अनुज तरुण गहलोत के जन्मदिवस पर पुलिस विभाग के सम्मानीय अधिकारियों की प्रेरणा से बैरक संख्या 3 का नवीनीकरण करने का जिम्मा उठाने का अवसर प्राप्त हुआ जिसके बाद बिल्डर अशोकजी को इस दायित्व की बागडोर सौंपी गई तथा समस्त कार्य पूर्ण कर बैरक को पुन: सिपाहियों के लिए बेहद सुविधाजनक रूप प्रदान किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ही गहलोत फाउंडेशन के कार्य से प्रेरित होकर पुलिस लाइन के अन्य चार बैरक के नवीनीकरण का जिम्मा समाजसेवी सत्यनारायण धूत, अमराराम कुमावत, सुरेश गांधी तथा सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी ने उठाया तथा जल्द ही कार्य पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। इनके अतिरिक्त शिव के नव-चयनित विधायक रविन्द्र सिंह भाटी ने भी बाडमेर में पुलिस सिपाहियों के लिए ऐसी व्यवस्था करवाने का विश्वास दिलाया।

# विद्यार्थियों के आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण नहीं बन पा रही आईडी

## विश्वविद्यालय परीक्षा के फार्म भरने के लिए कॉलेज विद्यार्थियों के लिये एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी बनी होना जरूरी है

**बज्जू,** (निसं)। प्रदेशभर विश्वविद्यालय परीक्षा के फार्म भरने के लिए कॉलेज विद्यार्थी जुटे हुए है। इसके लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) आईडी बनी होना जरूरी है। यह आईडी विद्यार्थियों के आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के चलते नहीं बन पा रही है। आधार कार्ड अपडेट में 15 दिन का समय लग जाता है। ऐसे में युवाओं को परीक्षा फार्म नहीं भरे जाने से परीक्षा से वंचित रहने का डर सता रहा है।

जानकारी के अनुसार कक्षा 12 के बाद या कॉलेज में आगामी कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा के लिए एबीसी आईडी का होना जरूरी होता है। यह आईडी ई मित्र पर आधार कार्ड के माध्यम से बनती है। जिन विद्यार्थियों के आधार कार्ड या जन आधार कार्ड में कोई त्रुटि होती है, उसकी आईडी नहीं बनती। ऐसे में विद्यार्थी पहले आधार या जन आधार कार्ड को दुरुस्त करवाता है। उसकी अलग से पन्द्रह-बीस दिन की प्रकिया है।

आईडी बनाने के लिए युवाओं को अपने आधार कार्ड नंबर से एबीसी आईडी बनानी होती है। आईडी बनाने के लिए आधार नंबर डालने के बाद ओटीपी आता है, लेकिन अधिकतर युवाओं के आधार कार्ड में नंबर नहीं जुड़े होने या अपडेट नहीं होने के कारण ओटीपी नहीं आती है, इससे आईडी बनाने में दिक्कत हो रही है।

चुनाव के चलते करीब दो महीने से आधार कार्ड अपडेट का कार्य बंद पड़ा था, जो अब शुरू हुआ है। सामान्य प्रक्रिया में भी आधार कार्ड 10 से 15 दिन में अपडेट हो रहा है। खासकर आधार कार्ड से मोबाइल जुड़वाने या पुराने नम्बर बंद होने पर नए नम्बर जुड़वाने के कार्य ज्यादा है। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में नियमित व स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा के आवेदन के लिए मात्र 2 दिन शेष है। वह भी दोगुना फीस में आवदेन जमा होंगे। इससे पहले 4 दिसंबर तक अंतिम तिथि के बाद 10 दिसंबर तक निर्धारित फीस से 100 रुपए ज्यादा में आवेदन कर सकते थे। अब 14 दिसंबर तक दोगुना फीस पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे है।


राहुल सक्सेना, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, बज्जू का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को यह ज्यादा परेशानी आ रही है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के अधिकारियों को अवगत करवाया गया है।

# भाकल को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलेगा

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर कार्यरत उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) प्रमोद कुमार भाकल को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मंडल के उप मुख्य इंजीनियर(निर्माण) प्रमोद कुमार भाकल को वित्तीय वर्ष2022-2023में की गई उत्कृष्ट रेल सेवाओं के लिए 15 दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाले अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि भाकल ने समर्पित प्रयासों से2022-2023में राइकाबाग से डेगाना (145 किमी) रेल मार्ग दोहरीकरण की परियोजना को अमली जामा पहनाने में बेहद महत्वपूर्ण निभाई।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरुवार 14 दिसम्बर, 2023**

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, मूल नक्षत्र प्रात: 9:47 तक, गंड योग दिन 1:24 तक, बालव करण दिन 2:03 तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–धनु, मंगल–वृश्चिक, बुध–धनु, गुरू–मेष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:29 तक, चर 11:04 से 12:21 तक, लाभ–अमृत 12:21 से 2:56 तक, शुभ 4:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:11, सूर्यास्त 5:31

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा।

**कर्क**
स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से राहत मिलेगी। मन का भय दूर होगा। दिनचर्या व्यवस्थित होने लगेंगे। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।